हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 17 सितंबर 2025

04 नगरपालिका में 203 दिव्यांगों के बनाए गए...



07 स्कूलों में नहीं बाउंड्रीवॉल, विद्यार्थियों को खेलने भी ...





## खबर संक्षेप

### ऑडिटोरियम में कार्यक्रम आज

**विदिशा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़े के तहत आज सुबह 10 बजे से ऑडिटोरियम में कार्यक्रम आायोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहेंगे। दो अटक्बूर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। सुबह 7:30 बजे बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर भाजपा द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 11 बजे अस्पताल में युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान किया जाएगा। अग्रसेन जयंती समिति के सभी पदाधिकारियों ने समाज जनों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया।

### शांति समिति की बैठक गुरुवार को होगी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार 18 सितम्बर को पुलिस कंट्रोल रूम पुलिस लाइन में दोपहर 1 बजे से शांति समिति की बैठक होगी। संयुक्त कलेक्टर मोहिनी शर्मा ने बताया कि आगामी त्यौहार नवदुर्गा, दशहरा, दीपावली, गुरुनानक सहित अन्य त्यौहारों के संबंध में बैठक में निर्णय लिए जाएंगे।

### तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित



**विदिशा।** मारवाड़ी अग्रवाल पंचायत द्वारा अग्रसेन जयंती समिति के तत्वधान में आयोजित अग्रसेन जयंती समिति द्वारा तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। 2 से 5 वर्ष के बच्चों द्वारा बाल स्वरूप श्री हनुमान जी फैंसी ड्रेस का आयोजन हुआ। दूसरे नंबर पर महिलाओं एवं युवतियों द्वारा गांव की छोरी शहर की गोरी एक्ट किया गया। तीसरे नंबर पर साइकिल सजाओ प्रतियोगिता 8 वर्ष से 13 वर्ष के बच्चों द्वारा की गई, उसके बाद लकी गेम खुल जा सिम सिम महिलाओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में भजन पर डांस महिलाओं एवं युवतियों द्वारा किए गए।

### संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर निकाली वाहन रैली



**विदिशा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नगर में वाहन रैली निकाली। रैली नगर की सभी बस्तियों में से होते हुए दुर्गानगर चौराह पर जाकर भारत माता की आरती के बाद समापन हुई। इस रैली में नागरिक शिष्टाचार का पालन करते हुए सभी स्वयंसेवक हेलमेट पहनकर वाहनों पर निकले। इस वाहन रैली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संचालक खुमान सिंह] प्रांत घुमंतू कार्य के प्रांत प्रमुख लखन लाल, जिला प्रचारक विशाल जी, जिला कार्यवाह गुलाब सिंह कुशवाह, नगर प्रचारक केशव जी, नगर कार्यवाह राजेंद्र बघेल आदि मौजूद रहे।

### कस्बाखेड़ी के छात्रों को निःशुल्क बैग बांटे

**विदिशा।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय कस्बाखेड़ी में विद्यार्थियों को निःशुल्क विद्यालय बैग वितरित किए गए। बैग पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। इस दौरान सीएसी अशोक अहिरवार, केसी चंदेल, प्रभारी शिव कुमार तिवारी, शिक्षक लालाराम जाटव, विशाल शर्मा, जीवनलाल प्रजापति, भूपेंद्र मीना, मनोज साहू सहित अन्य शिक्षक एवं अभिभावक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बृजेश राठौर का विशेष योगदान रहा।

### जिलेभर के बांध हुए लबालब, किसानों को मिल सकेगा पर्याप्त पानी

# बारिश का कोटा हुआ पूरा, हलाली बांध के 2 गेट खोले, बेतवा किनारे की बस्तियों में अलर्ट

जिले में औसत बारिश का आंकड़ा पूरा हो गया है। हलाली बांध भी लबालब भर गया है और अतिरिक्त पानी को निकालने के लिए दो गेट खोले गए हैं, जिससे हलाली बांध का छरछरा भी चालू हो गया है। एहतियात के तौर पर नदी किनारे की बस्तियों में अलर्ट जारी किया गया है। इस बार सबसे अधिक बारिश पठारी क्षेत्र में दर्ज की गई है। यहां अब तक करीब 1304.4 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मौसम में भले ही अभी ठंडक नहीं आई है, लेकिन बारिश का कोटा पूरा हो चुका है अब जो बारिश होगी वह अतिरिक्त वर्षा कहलाएगी। जिले के सभी बांध लबालब हो चुके हैं और हलाली बांध के 2 गेट खोल दिए गए हैं जिससे झरना शुरू हो गया है। मंगलवार की सुबह 11.30 बजे बांध के 2 गेट खोलकर 76.45 क्यूमेक पानी छोड़ा गया। हलाली बांध के आसपास सहित बेस नदी, बेतवा नदी के तटीय दोनों किनारों से दूरी बनाए रखने के लिए अलर्ट जारी किया गया है।



विदिशा। हलाली बांध के गेट खुलने से बेतवा के जल स्तर में भी बढोतरी होगी।

विदिशा जिले की सामान्य औसत वर्षा 1075.50 मिमी है। जिले में इस वर्ष अब तक 1092.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है जो सामान्य वर्षा से अधिक है। अधीक्षक भू-अभिलेख के द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह 8 बजे जिले की लटेरी व शमशाबाद तहसीले को छोड़कर शेष आठ तहसीलों में वर्षा दर्ज हुई है। मंगलवार को कुल 12.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले की तहसीलों में स्थापित वर्षामापी यंत्रों पर अब तक दर्ज हुई वर्षा की जानकारी अनुसार विदिशा में 1177 मिमी, बासौदा में 992.1 मिमी, कुरवाई में 1119.2 मिमी, सिरोंज में 1043 मिमी, लटेरी में 1064 मिमी, ग्यारसपुर में 1167 मिमी, गुलाबगंज में 815 मिमी, नटेरन में 1138 मिमी, शमशाबाद में 1106 मिमी तथा पठारी तहसील में 1304.4 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है। गौरतलब हो कि पिछले साल इस अवधि तक कुल 1053.8 मिमी वर्षा हुई थी। अब जो बारिश होगी वह अतिरिक्त वर्षा कहलाएगी।

### अब खेती के लिए फायदेमंद होगी बारिश

विगत वर्ष अल्पवर्षा के कारण किसानों को पर्याप्त पानी उपलबध नहीं हो सका था, लेकिन इस साल अच्छी बारिश होने के कारण किसानों को खेती के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। सोमवार को हुई तेज बारिश से धान के गड़े फिर से भर गए। जिससे भी किसानों को काफी फायदा हुआ है। किसानों ने बताया कि कुछ दिन और बारिश होती रही तो खेतों में धान के गड़े अपने आप भरते रहेंगे। इससे पैसे की बचत होगी और किसानों को पंप आदि का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। मौसम विभाग की मानें तो अभी कुछ दिन और बारिश की संभावना है क्योंकि मौसम में अभी ठंडक नहीं आई है। यदि दो से तीन बार और तेज बारिश होती है तो धान की पैदावार में बढ़ोतरी होगी क्योंकि धान को अच्छी पैदवार के लिए अधिक से अधिक पानी की आवश्यकता होती है।

### यातायात नियम तोड़ने वालों पर की सख्ती

# 1414 वाहन चालकों पर की चालानी कार्रवाई, 5 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला




विदिशा। चैकिंग प्वाइंट पर तैनात रहकर अधिकारियों ने की जांच पड़ताल।

**स्कूल कॉलेजों में सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

8 से 22 सितम्बर तक 15 दिन तक वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें अभी तक 5 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूल किया जा चुका है।

पुलिस की एक सप्ताह की कार्रवाई के दौरान 14 सितम्बर तक जिलेभर में स्थापित नाकाबंदी प्वाइंट्स पर सघन चेकिंग के दौरान कुल 1414 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 5 लाख 16 हजार 500 रुपए का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाना, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना, मोबाइल का उपयोग करते हुए वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन चलाना, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, ओवरलोडिंग के अलावा बिना लाइसेंस, फिटनेस, परमिट के वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। वहीं स्कूल कॉलेजों में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। यह अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे अब समस्त एसडीओपी और विदिशा यातायात प्रभारी आशीष राय समेत समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं, 82 प्रकरण हल किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मंगलवार को हुई जनसुनवाई में 145 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिसमें से मौके पर 82 आवेदनों का निराकरण किया गया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्वयं आवेदकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए मौके पर निराकरण की पहल की है।

जनसुनवाई में ग्यारसपुर तहसील की आवेदिका पुष्पा मोगिया ने आचार्य विद्यासागर योजना अंतर्गत डेयरी पर लोन स्वीकृति संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। इस संबंध में मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देकर लोन स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। सुभाष नगर निवासी मुन्नीबाई ने पट्टा प्रदाय करने आवेदन दिया।



गुलाबगंज के ग्राम सनावल बड़ागांव निवासी संजीव दांगी ने खेत की मेढ़ से निकली हुई 11 केबी लाइन के नीचे खड़े पेड़ों की कटाई के संबंध में आवेदन दिया। कई आवेदन मौके पर ही हल किए गए।

### वन विभाग की ज़मीन पर कब्जा कलेक्टर से शिकायत

**विदिशा।** लटेरी तहसील के ग्राम मड़ावता के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ग्राम चौकीदार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम चौकीदार ने वन विभाग की करीब 1500 बीघा भूमि पर अवैध कब्ज़ा कर लिया है। ज्ञापन में बताया गया कि कब्ज़ाई गई भूमि में चरनोई भूमि भी शामिल है, जिससे ग्राम के मवेशियों के चारे की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि चौकीदार अपने परिवारजनों के साथ गांव में उत्पात मचाता है और जब ग्रामीण इसका विरोध करते हैं तो उनके खिलाफ झूठे प्रकरण दर्ज करवाए जाते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन अवैध कब्ज़े को हटवाए और गांव में शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## धामनोद मड़िया में बिना डिग्रीधारी डॉक्टर की क्लीनिक सील, डस्टबिन में मिली शराब की बोतल

### लगातार मिल रही शिकायतों के बाद बीएमओ और पुलिस ने पहुंचकर की पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हैदरगढ़

लंबे समय से बिना किसी मान्यता और डिग्री के संचालित की जा रही एक क्लीनिक को सील कर दिया गया है। कार्रवाई के दौरान बीएमओ डॉक्टर नत्थी अहिरवार सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं थाना प्रभारी केके पवार के निर्देश पर सहायक उपनिरीक्षक अनूप यादव मौजूद रहे।

अवैध क्लीनिक पर जांच के दौरान बड़ी मात्रा में सिरींज और डस्टबिन में शराब की बोतल मिली। वहीं बड़ी मात्रा में दवाईयां भी मिली है। ग्यारसपुर बीएमओ डॉक्टर नत्थी अहिरवार ने बताया कि बतया कि जांच के बाद क्लीनिक को सील करा दिया गया है। अवैध क्लीनिक संचालकों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। विगत कई महीनों से लगातार स्वास्थ्य विभाग को इस अवैध क्लीनिक की शिकायतें मिल रही थीं, लेकिन अब जाकर विभाग ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। टीम ने जांच के दौरान क्लीनिक को अवैध पाया और तत्काल प्रभाव से दुकान को सील कर दिया।



### छह माह के लिए पांच जिलों की सीमा से जिलाबदर किया

**विदिशा।** कलेक्टर ने एसपी रोहित काशवानी के प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है। विभिन्न अपराधों में लिप्त अनावेदक शुभम पाठक पुत्र लोकेश उम्र 33 वर्ष निवासी दुर्गाचैक तलैया मोहल्ला थाना कोतवाली विदिशा के विरूद्व मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिलाबदर की कार्यवाही छह माह के लिए की गई है। उक्त अवधि में विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से छह माह की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किया गया है।

## सांदीपनि विद्यालय में बस सेवा बंद, डेढ़ महीने से 55 बच्चे नहीं पहुंच पा रहे स्कूल, डीईओ ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सांदीपनि विद्यालय की बस सेवा बंद होने से ग्रामीण क्षेत्र के 55 बच्चों की शिक्षा पर संकट आ गया है।

पिछले डेढ़ महीने से बस सेवा ठप है, जिससे विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने में भारी परेशानी हो रही है। मंगलवार को कई बच्चे स्कूल ड्रेस में कलेक्ट्रेट पहुंचे और बस सेवा को फिर से शुरू करने की मांग की। यह बस गांव-गांव जाकर बच्चों को स्कूल लाती थी, लेकिन विभाग की लापरवाही के चलते यह सेवा बंद हो गई है। पिपरिया के बृजेश मीना ने बताया कि उन्होंने बच्चों का एडमिशन बस सुविधा को देखकर कराया था, लेकिन अब महीनों से बस नहीं आ रही है। अरिहंत कुशवाह ने कहा कि सरकार सबको शिक्षा देने का दावा करती है, पर बच्चे स्कूल ही नहीं पहुंच पा रहे हैं।

### आश्वासनः दो दिन में बस सेवा शुरू हो जाएगी

जिला शिक्षा अधिकारी एसपी जाटव ने कहा कि छात्रों की संख्या बढ़ने से वाहन व्यवस्था प्रभावित हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि दो दिन में बस सेवा फिर से शुरू कर दी जाएगी। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक बच्चों को राहत पहुंचाता है।

### सीसी टीवी कैमरों से गौशालाओं की निगरानी

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। जिले की गौशालाओं में आधुनिक सुविधाएं हों। इसके लिए कलेक्टर कलेक्टर अंशुल गुप्ता विशेष रुचि ले रहे हैं। कुरवाई तहसील के ग्राम बर्री टोरिया में संचालित शांति गौशाला को उन्नत बनाने के लिए सीसी टीवी कैमरे लगाए गए हैं। गौरतलब हो कि हाईटेक कैमरों के माध्यम से गौशाला की निगरानी का अवलोकन कही भी किसी भी क्षेत्र में बैठकर ऑनलाइन सुविधा के माध्यम से देखा जा सकेगा।

## छात्रावास के शिक्षकों को 2 साल से नहीं मिला मानदेय

### विभाग ने बजट की कमी का दिया हवाला, मानदेय नहीं मिलने से शिक्षकों की आर्थिक स्थिति खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अनुसूचित जाति-जनजाति छात्रावासों में कार्यरत कोचिंग शिक्षक पिछले दो वर्षों से मानदेय के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मंगलवार को शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 और 2024-25 में नियमित रूप से विद्यार्थियों को पढ़ाने के बावजूद उन्हें मानदेय नहीं मिला। विभाग बजट की कमी का हवाला दे रहा है। मानदेय नहीं मिलने से शिक्षकों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अभी तक नई चयन सूची जारी नहीं की गई है। इससे शिक्षक भविष्य को लेकर चिंतित हैं। शिक्षक शिवम शर्मा के अनुसार, कलेक्टर ने 15 दिनों के भीतर मानदेय भुगतान और नई चयन सूची जारी करने का आश्वासन दिया है।



### सांसद खेल महोत्सव तैयारियों का जायजा, खिलाड़ियों के पंजीयन पर जोर

# खिलाड़ियों को मिलेगा जौहर दिखाने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सागर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खेलों को बढ़ावा देने के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सागर सांसद लता वानखेडे ने जिला पंचायत के सभागार कक्ष में तैयारियों का जायजा लिया।

बैठक में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, जिपं सीईओ ओपी सनोडिया सहित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सागर सांसद वानखेड़े ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के प्रति बढ़ावा देने के लिए उपरोक्त खेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। लगातार तीन माह तक चलने वाले इस आयोजन में 19 वर्ष के स्कूली बच्चे अथवा ग्रामीण अन्य बच्चे भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिताओं में उन ही खिलाड़ियों को अपना जौहर दिखाने का अवसर मिलेगा जिनके द्वारा पंजीयन कराया गया है। उन्होंने बताया कि पंजीयन करने की अंतिम तिथि 20 सितम्बर है। उक्त खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राएं और दिव्यांगजन भाग ले सकेंगे। सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत क्रिकेट सहित कुल नौ खेलों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य खेलों के अंतर्गत ब्हालीवाल, फुटबाल, हॉकी, कबड्डी, एथलेटिक्स तथा परम्परागत अंतर्गत खो-खो, रस्साकसी और शतरंज खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। पंजीयन एवं पात्रता नियम के संबंध में बताया गया कि केवल सागर संसदीय क्षेत्र के निवासी ही भाग ले सकेंगे। आवेदनों का परीक्षण 30 सितम्बर तक, प्रतियोगिता के लिए खेल मैदान निर्धारण प्रतियोगिता का फीचर्स तैयार करने का कार्य आठ अक्टूबर तक पूर्ण किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर प्रतियोगिताएं अक्टूबर से लेकर नवम्बर माह में आयोजित कराई जाएंगी।




## अहमदपुर मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक हांसुआ में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भाजपा ग्रामीण मंडल अहमदपुर की बैठक ग्राम हसुआ में आयोजित की गई। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई।

मंडल अध्यक्ष रामेश्वर किरार ने बताया कि अहमदपुर ग्रामीण मंडल के प्रत्येक बूथ पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान एक पेड़ मां के नाम, रक्तदान, स्वदेशी, स्वास्थ्य शिविर आदि कार्यक्रमों का आयोजन करना है। जिसमें समस्त कार्यकर्ता एवं नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित हो। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता भगवान सिंह नरवरिया, योगेंद्र पवार, मंडल महामंत्री गजराज सिंह दांगी, मंडल उपाध्यक्ष त्रिलोक कुशवाह, दीपक किरार, तुलसीराम लोधी अहमदपुर, आयुष किरार, सरपंच दिनेश गिरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3169
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2500
उच्चतम भाव- 2750
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2500
उच्चतम भाव- 2561
चना
न्यूनतम भाव-3550
उच्चतम भाव-5760
मसूर
न्यूनतम भाव-3210
उच्चतम भाव-7400
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2815
उच्चतम भाव- 3235
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-4480
सरसों
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-7900
मूंग
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव- 2900
तुअर
न्यूनतम भाव-5250
उच्चतम भाव-5250
उड़द
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव- 6100
धान
न्यूनतम भाव-2255
उच्चतम भाव-2800
धनिया
न्यूनतम भाव-6650
उच्चतम भाव- 6650
मेथीदाना
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव- 1700
कंजी
न्यूनतम भाव-2276
उच्चतम भाव-2276

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 8917 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## सरकार की योजनाओं से हो रहा है सर्वहारा वर्ग का कल्याण: देवेन्द्र यादव

# नगरपालिका में 203 दिव्यांगों के बनाए गए यूडीआई प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






भाजपा सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सर्वहारा वर्ग के लोगों का कल्याण हो रहा है। चाहे बच्चे हों, युवा हों, महिलाएं हों या फिर बुजुर्ग हों सरकार इन सभी को अलग अलग योजनाओं से लाभान्वित कर रही हैं। यह सब केवल भाजपा सरकार में ही देखने को मिलता है। उक्त बात मंगलवार को नगर पालिका परिषद में दिव्यांगजनों के लिए लगाए गए ब्लॉक स्तरीय शिविर के दौरान सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने कही। यह शिविर दिव्यांग जनों के लिए प्रमाण पत्र बनवाए जाने के लिए नपा द्वारा लगवाया गया था। इस शिविर में 203 दिव्यांग जनों का पंजीयन किया गया था और उन्हें मौके पर ही यूडीआईडी प्रमाण पत्र बनाकर दिए गए। सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव का कहना था कि पहले जहां विदिशा जाकर यह प्रक्रिया दिव्यांग जनों को पूर्ण करनी होती थी जिससे उन्हें आने-जाने में काफी समस्या खड़ी हो जाती थी। उनकी समस्या को देखते हुए नपा ने ब्लॉक स्तर पर यह शिविर लगाने का निर्णय लिया। वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव ने कहा कि इस तरह के शिविर समय-समय पर लगवाना चाहिए जो कि दिव्यांग जनों के लिए काफी मददगार साबित होते हैं। नपा हमेशा सभी की सुविधाओं का ध्यान रखती आई है। इस दौरान जनपद सीईओ उपासना जैन, पार्षदगण मनीष विश्वकर्मा, संजय रिचा भावसार, सरदार अहिरवार आदि ने भी दिव्यांग जनों के बीच पहुंचकर योजनाओं के बारे में बताया। सामाजिक न्याय विभाग से सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मोनिका भार्गव ने बताया कि शिविर में डॉ. राजकुमार वर्मा, डॉ. अशोक राजपूत, डॉ. आदर्श मिश्रा, डॉ. गजेंद्र दांगी, डॉ. रविन्द्र चिड़ार एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की टीम के अलावा राहुल पंथी, जितेंद्र अरोड़ा, विपिन स्वामी, सुशील कुमार रिछारिया, दिनेश साध, सुनीता जैन, रमाकांत श्रीवास्तव, शुभम शर्मा आदि मौजूद थे।

## जनसुनवाई में आए 25 आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील के पटवारी सभागृह में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन हुआ। इस दौरान आवेदकों ने अपनी परेशानियां अधिकारियों के सामने रखीं। जनसुनवाई में विभिन्न शिकायतों के 25 आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हे एसडीएम संतोष बिटौलिया ने संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेज दिए हैं। समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाएगा। जनसुनवाई में सनावल गांव के प्रहलाद सिंह ने गांव के सरकारी नाले पर अतिक्रमण की समस्या उठाई। उन्होंने बताया कि इस कारण बारिश का पानी भर जाता है और ग्रामीण परेशान हैं। बारिश का पानी भरने से सोयाबीन की फसल खराब हो रही है। वहीं अंबानगर निवासी तखत सिंह ने आर्थिक कमजोरी के बावजूद गरीबी रेखा का राशन कार्ड न बनने की शिकायत की। मोहन यादव ने बताया कि उनके 25 साल के बेटे की दो साल पहले करंट लगने से मौत हो गई थी। लेकिन अभी तक उन्हें शासन से सहायता राशि नहीं मिली है।

## पुस्तक प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



गंज बासौदा। मंगलवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में केन्द्रीय पुस्तकालय में भारतीय पुस्तकों, परम्परा की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पुस्तकालय प्रभारी मनीष दुबे ने बताया कि प्रदर्शनी में भारतीय ज्ञान परम्परा, रामचरितमानस, श्रीमद्भगवत पुराण, वैदिक चिन्तन की धाराएं, भारतीय शिक्षा मनोवैज्ञानिकी आधार, भारत में विज्ञान की उज्ज्वल परम्परा, उच्चशिक्षा भारतीय दृष्टि, चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व के समग्र विकास का पाठ्यक्रम, वैदिक गणित, आचार्यों के प्रेरक प्रसंग, शिक्षा संवाद, शिक्षा, विद्यालय गतिविधियों का आश्रय, भारतीय शिक्षा स्वरूप, भारत की संत परम्परा और सामाजिक समरसता, श्रीमद्भागवत में विज्ञान, भारत का संविधान प्रमुख है। इस अवसर पर ग्रंथपाल जय प्रकाश मेहरा ने बताया कि पुस्तकें ज्ञान का भंडार होती हैं। पुस्तकें ज्ञान को अर्जन करने का सबसे अच्छा साधन है, किसी भी तरह का ज्ञान प्राप्त करने का अच्छा व सच्चा साधन पुस्तकें हैं। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टॉफ और विद्यार्थी मौजूद थे।

## नपा अमले ने प्लास्टिक थैली बिक्रेताओं पर लगाया जुर्माना



गंजबासौदा। मंगलवार को नगरपालिका अमले ने नगर में भ्रमण कर प्लास्टिक थैली विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर जांच की। इस दौरान प्लास्टिक थैली विक्रेताओं से दस हजार रुपए जुर्माना वसूल किया गया।


## सीताफल से लदा पेड़ ......



गंजबासौदा। सीताफल के झाड इन दिनों फलों से लद रहे हैं। जिन्हे देखकर लग रहा है कि इस वर्ष सीताफल की बंपर आवक होगी। सीताफल देव उठनी ग्यारस तक पककर तैयार हो जाएंगे तथा बाजार में सीताफल की आमद होने लगेगी।

## खबर संक्षेप

### घर से सामान चोरी



गंजबासौदा। उदयपुर निवासी बृजेश शर्मा ने चौकी प्रभारी उदयपुर को एक शिकायती आवेदन दिया। जिसमें कहा गया है कि उदयपुर मंदिर के पास उनका पुस्तैनी मकान है। मकान सूना होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने दरवाजे के ताले तोड़कर घर के अंदर रखी गोदरेज अलमारी से 2,3 चांदी के सिक्के, एक जोड़ी पायल, 2 पीतल की गुंड, एक परात सहित गोदरेज में रखे कपड़े एवं अन्य सामान चुरा लिया है। जिससे पीड़ित को हजारों रुपए का नुकसान हो गया। पुलिस को दिए गए शिकायती आवेदन में चोरी करने वाले चोर को शीघ्र गिरफ्तार कर सामान वापिस दिलाए जाने की मांग की गई है।

## बरेठ रोड पर नपा अमले ने चलाया सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को नगरपालिका सफाई अमले द्वारा बरेठ रोड पर सफाई अभियान चलाकर सफाई कार्य कराया गया। इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव के द्वारा विशेष रूप से कहा गया कि बरेठ रोड पर अत्यधिक भीड़ रहती है। इस कारण प्रातः 5 बजे से सफाई कराई जाए क्योंकि आगामी दिनों में नवरात्रि उत्सव आरंभ होने जा रहा है। इस कारण नागरिकों की भीड़ अधिक रहेगी। अतः सफाई का कार्य पूर्व से ही संपादित कर लिया जाऐ। निर्देश अनुसार बरेठ रोड पर नपा सफाई कर्मियों द्वारा सफाई का कार्य आरंभ कर दिया गया है।

### श्रद्धा भाव से मनाया गुरु का श्राद्ध कन्या भोज, किया कार्यक्रम आयोजित

गंज बासौदा। मंगलवार को त्योंदा रोड सिन्धी कालौनी मन्दिर में गुरु का श्राद्ध बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाया गया। पंचायत के संरक्षक सत्यपाल तनवानी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष के श्राद्ध पक्ष में दसमीं तिथि पर समाज के द्वारा गुरु का श्राद्ध भक्ति भाव से मनाया जाता है। श्राद्ध पर्व के उपलक्ष्य में प्रातः 8 बजे श्री सुखमनी साहब की पवित्र वाणी का पाठ किया गया। तत्पश्चात आरती अरदास कर पल्लव पाकर वचन साहब सुनाया गया। वहीं सुबह 10:30 बजे कन्या भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाज के अलावा आसपास की कन्याओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की, समाज के कई लोगों ने कन्याओं को कन्या भोज के उपलक्ष्य में अलग-अलग प्रकार की वस्तुएं कन्याओं को भेंट कीं एवं कन्याओं को चुनरी पहनाई। उसके बाद समाज के प्रबुद्धजनों एवं माताओं, बहनों ने प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर संरक्षक मंडल सत्यपाल तनवानी, लाल चंद वासवानी, जमीयत राय तनवानी, नानक मामा ,नरसिंह राय, बल्लू भैया, भागचंद वासवानी, मालक सिंह खेड़ा, प्रदीप खटवानी, सुरेश तनवानी, किशोर उधाणी, दिलीप तनवानी, राकू कटारिया, श्याम वाधवानी, मनोज वासवानी, खेमचंद मेहता, शंकर बलेचा ,प्रकाश वाधवानी, विशाल तनवानी, राकेश तनवानी, पिंटू मेहता, दिलीप उधाणी, प्रेम तनवानी, दीपू धिधानी, राजू मलकानी, बेबू मेहता, दीपू तनवानी, मोहन तनवानी, प्रदीप, सोनू, तनवानी, दीपू गोपलानी ,राम वाधवानी, नरेश कटारिया, दिलीप काशला, बाबू वासवानी, राजाराम खिलवानी, राहुल वाधवानी सहित बड़ी संख्या में मातायें, बहने उपस्थित थे। उक्त जानकारी सुरेश तनवानी ने दी।



## विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में पचमा रोड स्थित एक स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन न्यायाधीश आफरीन यूसुफ जई अंसारी, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। शिविर में हिंदी भाषा का महत्व एवं उद्देश्य, संविधान के मूलभूत अधिकार, कर्तव्य, साइबर अपराध, निजता का अधिकार, सूचना का अधिकार, दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, घरेलू हिंसा में महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, शिक्षा का अधिकार, चिकित्सा का अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिये विधिक सेवाऐं योजना 2015, नालसा हेल्प लाइन 15100 के संदर्भ में जानकारी प्रदान की गई । शिविर में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, प्राचार्य अरविंद प्रताप सिंह वैश्य, सचिव विपिन कुमार शर्मा एवं विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाऐं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोनिका गौर ने किया।

### पितृपक्ष में पंचतत्व का पौधरोपण आज

गंजबासौदा। पंचतत्व संरक्षण समिति द्वारा हम सबने यह ठाना है हर हाथ से पौधा लगाना है अभियान के तहत बुधवार को पितृ पक्ष के अवसर पर पांच पौधों का रोपण किया जा रहा है। यह पौधरोपण बुधवार 17 सितंबर को दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा।

## राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# नवांकुर, डॉल्फिन के 19 विद्यार्थियों का हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम में संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नवांकुर डॉल्फिन के 24 छात्र, छात्राओं ने भाग लिया। जिनमें से 19 छात्र छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इन 19 विद्यार्थियों में से 16 विद्यार्थी नवांकुर के तथा 03 विद्यार्थी डॉल्फिन स्कूल के सम्मिलित हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित एथलीट्स में 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में मीनाक्षी शिवहरे डिस्कस थ्रो तथा अवधी जैन डिस्कस थ्रो, 17 वर्ष से कम आयु वर्ग में निशिका तिवारी 3000 मी वॉक रेस, याशिका सेन 100 मी हर्डल रेस, पीहू रघुवंशी डिस्कस थ्रो, निशिका रघुवंशी डिस्कस थ्रो, वैष्णवी शर्मा हैमर थ्रो, पलक शर्मा हैमर थ्रो, देव दांगी लॉन्ग जंप- ट्रिपल जंप और नियम जैन हैमर थ्रो, 19 वर्ष से कम आयु वर्ग में भूमि कटारिया 400 मीटर हर्डल रन, गौरी राय शॉट पुट थ्रो, नैंसी शर्मा ट्रिपल जंप, निमिषा तिवारी हैमर थ्रो, स्नेहा राय 3000 मी वॉक रेस, सिद्धि देवी रघुवंशी 3000 मी वॉक रेस, जसराज नायक ट्रिपल जंप, दर्शन शर्मा डिस्कस थ्रो और देवांश सहरिया हैमर थ्रो शामिल हैं। उपर्युक्त जानकारी विद्यालय के कीडा प्रभारी विजय शर्मा ने देते हुए बताया कि अब विद्यालय के चयनित विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 4 से 8 अक्टूबर तक भोपाल में, 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 13 से 17 अक्टूबर तक सागर में तथा 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 8 से 31 अक्टूबर तक इंदौर में किया जावेगा। उल्लेखनीय है कि विद्यालय के क्रीडा प्रभारी विजय शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र-छात्राऐं नई-नई उपलब्धियाँ हासिल कर रहे हैं। विगत वर्षों में विद्यालय के अनेक विद्यार्थी राष्ट्र स्तरीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर चुके हैं। बीते वर्ष में विद्यालय के पाँच विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर और 36 विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। डॉल्फिन के क्रीडा प्रभारी गौरव भारद्वाज, डॉल्फिन स्कूल के विद्यार्थियों का निरंतर मार्गदर्शन करते हैं। प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, डॉल्फिन प्राचार्य संदीप नारायण जेटली, संदीप कुमार रावत, पहलवान सिंह राजपूत, केशव लाहौरी, अभिषेक मिश्रा, गौरव साहू आदि ने बधाई दी।

## रिपटा घाट पर चलाया गया सफाई अभियान




गंजबासौदा। मंगलवार को नगरपालिका सफाई अमले द्वारा बेतवा नदी के रिपटा घाट पर पहुंचकर साफ, सफाई कराई गई। इस दौरान नागरिक बंधुओ से अपील की गई है कि मां वेत्रवती को गंदा न करें, स्वच्छता ही सेवा है इसे अपनाएं। इस दौरान स्वच्छता अधिकारी आर के नेमा सहित नपा सफाई कर्मी मौजूद थे। वहीं फल एवं सब्जी मंडी से एकत्रित फल एवं सब्जी को नगर पालिका द्वारा संचालित की जा रही अस्थाई गौशाला में भेजा गया।

### कई घंटों तक बिजली प्रदाय रहा बंद

गंजबासौदा। नगर में विद्युत कंपनी की कार्यप्रणाली के चलते उपभोक्ता और आम नागरिक काफी परेशान हो रहे हैं। मंगलवार को भी पचमा बायपास क्षेत्र में सुबह 11 बजे से शाम 5.30 बजे तक बिजली प्रदाय बंद रहा। जिससे यहां के रहवासियों को अंधेरे में बगैर पंखा, कूलर के कई घण्टे समय निकालना पड़ा।

**शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि., गंज बासौदा**

दिनांक 16.09.20025

**निविदा आमंत्रण**

विद्यालय भवन की पुताई के लिए श्रमिकों/ठेकेदारों से दिनांक 26.09.2025 तक निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत विवरण एवं शर्तें विद्यालय में देखा जा सकता है।

प्राचार्य
शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि., गंज बासौदा

**नवांकुर बहुउद्देशीय साख सहकारी संस्था, मर्यादित, गंजबासौदा**

DR/VDS/931/1-08-2014 दिनांक-07/09/2025

**वार्षिक आमसभा सूचना**

नवांकुर बहुउद्देशीय साख सहकारी संस्था, मर्यादित, गंजबासौदा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा बैठक दिनांक 21/09/2025 दिन रविवार को दोपहर 01:00 बजे समिति कार्यालय नवांकुर भवन, बरेठ रोड, गंजबासौदा में आयोजित की गयी है। सभी सदस्यों से अनुरोध है कि समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।
नोट- कोरम के अभाव में स्थगित शुदा बैठक उसी स्थान पर आधा घंटा पश्चात की जायेगी. जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।

अध्यक्ष
केशव लाहौरी

## खबर संक्षेप

### मेगा जॉब फेयर व कैरियर मेला 22 सितम्बर को

**सागर।** युवाओ को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए रोजगार विभाग एवं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेस शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया बडतूमा सागर के द्वारा संयुक्त तत्वाधान में मेगा जॉब फेयर (युवा संगम) एवं कैरियर अवसर मेले का आयोजन दिनांक 22 सितम्बर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेस शासकीय महाविद्यालय परिसर मकरोनिया बडत्तूमा सागर में किया जा रहा है। आयोजित युवा संगम कार्यकम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियो के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।

### माता वैष्णोंदेवी के लिए तीर्थयात्री 5 अक्टूबर को होंगे रवाना

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रियों के लिए वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में तीर्थयात्रा करने हेतु आवेदन 23.09.2025 तक प्राप्त किये जावेगें। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रा हेतु किए जा रहे आवेदन में आवेदन में आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रहेगा तथा आवेदन साफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी के द्वारा इस कार्यालय में 23.09.2025 सायं 05:30 बजे तक भेजना सुनिश्चत करें। तीर्थ यात्रियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सीय प्रमाण पत्र सहित सभी कालमों एवं सहपत्रों का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र व्यक्तियों के ही आवेदन इस कार्यालय में भेजे जावें।

## कई बार बनाए जा चुके हैं प्रस्ताव, अभी तक नहीं हुआ अमल

# स्कूलों में नहीं बाउंड्रीवॉल, विद्यार्थियों को खेलने भी नहीं सुरक्षित जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरांज

लाखों रुपए खर्च कर सरकारी स्कूलों के लिए भवन तैयार किया जाते हैं, लेकिन इनकी सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवॉल का निर्माण नहीं कराया जाता है। बाउंड्रीवॉल न होने के कारण विद्यार्थियों को खेलने कूदने के लिए मैदान तक नहीं मिल पा रहा है सिरोंज ब्लॉक में शासकीय स्कूलों की दुर्दशा में ज्यादा कोई बदलाव नहीं हुआ है। इन स्कूलों के मैदान के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्रीवॉल तक नहीं है। इससे स्कूल परिसर में आवारा मवेशियों के विचरण करने स्थल और असामाजिक तत्वों का अड्डा बनकर रह गए हैं। जिस कारण शिक्षको व इन स्कूलों में पढ़ाई करने आने वाले बच्चों को कई तरह की दिक्कत का सामना करना पड़ता है। शिक्षा विभाग जरूर कह रहा है कि इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है, लेकिन कब स्वीकृति मिलेगी और काम चालू होगा कहना मुश्किल है।

जानकारी अनुसार सिरोंज क्षेत्र में माध्यमिक और प्राथमिक सरकारी कक्षा एक से 12वीं तक के 400 के आसपास स्कूल हैं। जिसमें आधे से ज्यादा स्कूलों में बाउंड्रीवॉल नहीं है। इसके अलावा हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों में भी बाउंड्रीवॉल नहीं है,यह स्कूल आवारा मवेशियों के विचरण, असामाजिक तत्वों के मौज-मस्ती करने और लोगों के लिए निर्माण व अन्य सामग्री डालने का साधन बन गए हैं। स्कूल परिसर गंदगी होने के कारण दूसरे दिन कई बार बच्चों को साफ-सफाई करना पड़ती है। यह हाल पिछले कई साल से चलता आ रहा हैं, लेकिन आज तक इस समस्या का समाधा नहीं हुआ। बाउंड्रीवॉल के अभाव में परिसर और स्कूल के आसपास आवारा मवेशी टहलते हुए आसानी से देखे जा सकते है। वही मवेशीओं के डर के कारण छोटे छोटे बच्चें स्कूल कक्ष से बाहर नहीं निकल पाते हैं। यहां तक ही नहीं कई जगह गंदगी का अंबार तक रहता है। ऐसे में क्या स्थिति बनती होगी इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। शहरी क्षेत्र के भी अधिकांश स्कूल की दुर्दशा ऐसे ही तो ग्रामीण क्षेत्र में स्कूलों का क्या हाल होगा।



स्वीकृति का इंतजार, नतीजा बाउंड्री विहीन सरकारी स्कूल

### आज तक कुछ नहीं हो सका

क्षेत्र की अनेको प्राथमिक शालाओं में बच्चे रोजाना पढ़ाई करने आते हैं। स्कूल खुलने के बाद से आज तक स्कूल के आसपास बाउंड्रीवाल नहीं बन सकी है। स्कूल मैदान के अंदर मवेशी बैठे होने के साथ अन्य बेकार हालत आसानी से देखे जा सकते हैं। यह स्थिति होने से बच्चे और शिक्षक दोनों ही दिक्कत भोग रहे हैं। सिरोंज से महज कुछ किमी दूर मौजूद प्राथमिक शाला फजलपुर, छापू, तरवरिया, कन्द्राखेडी, घुटुआ, चौडाखेड़ी, मल्सीपुर स्कूल में बाउंड्रीवाल नहीं होना सिस्टम पर भी सवाल खड़े हो रहें है।

### सुबह मिलती है स्कूलों में गंदगी

जब शिक्षक सुबह स्कूल पहुंचते हैं तो परिसर में गंदगी फैली होने के कारण बच्चों व शिक्षकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही सड़क किनारे बने स्कूलों में बाउंड्रीवॉल न होने के कारण हादसों का भी डर बना रहता है। वही शिक्षको का कहना है कि यदि स्कूलों में बाउंड्रीवॉल बन जाती है। तो इससे स्कूल परिसर तो सुरक्षित रहेगा ही और विद्यार्थियों के लिए बड़ी सुविधा होगी।

## विदिशा आईजा महिला विंग की अध्यक्ष बनीं सुप्रिया जैन



**सिरोंज।** .ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी द्वारा मध्य प्रदेश आईजा महिला विंग की प्रदेश कार्यकारणी का गठन करते हुए वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमति सुप्रिया जैन को आईजा महिला विंग विदिशा जिले का अध्यक्ष नियुक्ति किया गया। उल्लेखनीय है कि पहली बार आईजा द्वारा पत्रकारो की महिला विंग का गठन किया गया है। इस मौके पर महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष सुप्रिया जैन ने कहा कि प्रदेश भर में आईजा महिला विंग का प्रत्येक जिले व तहसील स्तर पर शीघ्र गठन किया जाएगा। उन्होने कहा कि आगामी 5 अक्टूबर को गुरूवर जगत पूज्य निर्यापक श्रवण मुनि पुंगव 108 श्री सुधा सागर महाराज के सान्निध्य में म.प्र के अशोकनगर जिले में राष्ट्रीय स्तर का पत्रकारो का महासम्मेलन एंव जैन महिला पत्रकारो का सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। उक्त सम्मेलन में देशभर से वरिष्ठ पत्रकारों के साथ आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया भी उपस्थित होगें।

### तहसील कार्यकारिणी का गठन

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच व गौ सेवा प्रकोष्ठ के नगर संयोजक बने बादशाह खान

### वरिष्ठ पत्रकार सईद खान का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

ईदगाह परिसर में आयोजित बैठक में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच एवं गौ सेवा प्रकोष्ठ तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर नगर संयोजक पद पर बादशाह खान को नियुक्त किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ पत्रकार शाहिद खान,इरफान कुरैशी उर्फ बाबू ठेकेदार वाजिद खान मैकेनिक को भी फूलमाला एवं साफा बांधकर स्वागत किया गया। वही भाजपा नेता कवि खान गौरी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारी का फूल माला पहनकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर तहसील वक्फ कमेटी के अध्यक्ष वाजिद कुरैशी, ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के नगर अध्यक्ष वाहिद गौरी, ऑल इंडिया जमीअतुल कुरैश के तहसील अध्यक्ष ज़हीर कुरैशी, पार्षद राजा कुरेशी, समाजसेवी फाजिल खान, सादिक अंसारी, हमीद खान, कमर खान, शाहरुख खान, अकरम खान, हसन खान मेकेनिक, चांद भाई, शाहज़ेब कुरैशी, कामरान ठेकेदार, बबलू खान, खालिद कुरैशी, नोंमान कुरैशी, डॉक्टर सोहेल खान, यूनुस खान,रुसी पठान, शाहरुख कुरेशी, नदीम मंसूरी, अशफाक खान गोरी, फिरदौस खान, अताउर्रहमान उर्फ अत्तू खान, अयान खान, आशु खान, नाजिम खान सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## गढाकोटा में भारतीय किसान संघ ने ज्ञापन सौंपा




**गढाकोटा।** भारतीय किसान संघ ने खरीफ की फसल के अतिवृष्टि से नुकसान एवं खाद एवं बिजली की समुचित व्यवस्था और खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य के संबंध में तहसीलदार गढाकोटा को ज्ञापन सौंपा । जिसमें किसान संघ द्वारा मांगे की गई है कि खरीफ की फसल का अतिवृष्टि के कारण हुये नुकसान का सरकार द्वारा सर्वे कराया जाये एवं किसानों को नुकसान के अनुपात में बीमा राशि एवं मुआवजा राशि दिलवाई जाये । रासायनिक खाद्यों को सेवा सहकारी समिति के माध्यम से किसानों की बोनी के पूर्व में प्रत्येक सोसायटी में खाद्य वितरण किया जाये । जिन किसानों के ट्रांसफारमर जले हुये हैं एवं जिनका बिल भुगतान समयानुसार होता है। सिंचाई के पहले ट्रांसफारमर की व्यवस्था की जाये एवं कुछ ट्रांसफारमर जल जाते हैं उनके लिये भी ट्रांसफारमर स्टाक की व्यवस्था हो । आवारा पशुओं द्वारा किसानों का बहुत नुकसान होता है आवारा पशुओं की व्यवस्था की जाये । मंडियों में व्यापारियों द्वारा किसानों की फसल की तुलाई की हम्माली 26 रू. प्रति क्विंटल वसूली जाती है जबकि सरकार के मानक अनुसार लिया जाये जो बहुत की अनुचित है। किसानों को सिंचाई के लिये पर्याप्त लाईट 20 घंटे दी जाये। जो हमारे क्षेत्र में खरीफ की फसलें उत्पादित होती हैं उन पर फसलों को समर्थन मूल्य पर खरीदा स्वीकृत नहर परियोजनाओं का कार्य शीघ्र शुरू किया जाये।

## जिला पंचायत सीईओ ने किया सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी विवेक केवी ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम स्थल जिला चिकित्सालय परिसर पहुंचकर निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ममता तिमोरे, सिविल सर्जन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण के लिए देखने के लिए बड़ी एलईडी लगाई जाए। इसी प्रकार सभी की जांच एवं ब्लड डोनेशन के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए जावे उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर मौसम के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे। उन्होंने निर्देश दिए की सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सभी प्रकार की जांच एवं ब्लड डोनेशन का कार्यक्रम लगातार चला रहे एवं इसके लिए अधिक से अधिक विचार प्रसार करें जिससे कि बल्ड डोनेशन अधिक से अधिक हो सके।

## उदयपुरा सम्मेलन में जाते समय करणी सेना के शेरपुर का नगर में हुआ स्वागत

### करणी सेना समाज के हर वर्ग के हक की लड़ाई लड़ेगी- शेरपुर

◆ मुस्लिम त्योहार कमेटी ने मस्जिद के सामने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

करणी सेना के अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर का उदयपुरा में कार्यक्रम था। नगर आगमन पर शेरपुर का पुराने बस स्टेण्ड पर मंच बना कर करणी सेना के साथ अन्यों द्वारा स्वागत किया गया। मंच के समीप खडी जेसीबी मशीन बिल्डोजर आकर्षण कोतूहल का विषय बने रहें। वही इन जेसीबी मशीनों की मदद से शेरपुर को 50 किलों वजनी पुष्पमाला पहना कर सम्मानित किया गया।

नगर में शेरपुर ने खुली जीप में सवार होकर प्रवेश किया। उनके साथ भारी संख्या में करणी सेना के कार्यकर्ता, पदाधिकारी सम्मिलित हुए। यात्रा में दर्जनों वाहन भी सम्मिलित रहे। करणी सेना के अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर का स्वागत सम्मान किया। मंडी मस्जिद के सामने मुस्लिम त्योहार कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा शेरपुर का पुष्पहारों से स्वागत शाल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। वहीं परशुराम सेना, नगर परिषद, हिन्दू उत्सव समिति के द्वारा भी शेरपुर का स्वागत सम्मान किया गया।



*जन क्रांति न्याय यात्रा - करणी सेना के अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर ने अपने सम्बौधन में हरदा में प्रदर्शन के दौरान निर्दोष प्रदर्शनकारियों, बच्चों, बुजूर्गो पर पुलिस ने बर्बरता की गई। इसी के विरोध में जन क्रांति, न्याय यात्रा निकाली गई है। जिसका 21 सितंबर को हरदा में समापन होगा। जिसमें पुलिस कर्मियों को निलम्बित की मांग और किसानों की समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। शेरपुर ने कहा कि करणी सेना समाज के हर वर्ग खासकर गरीबों, वंचितों के हक की लडाई लडती रहेगी, चाहे वह किसी भी धर्म या जाति का हो।*

## खेल महोत्सव युवाओं के लिए सुनेहरा अवसर: सांसद चौधरी

◆ शासकीय बालक हा.से. विद्यालय में हुई सेवा पखवाड़ा व सांसद खेल महोत्सव संबंधी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शा. बालक हा.से. के सभागार में सेवा पखवाडा एवं सांसद खेल महोत्सव आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें क्षेत्र के भाजपा सांसद दर्शन सिंह चौधरी के साथ नगर एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, भाजपा के नेताओं एवं अधिकारियों की उपस्थिति रही।

सांसद चौधरी ने कहा कि खेल महोत्सव युवाओं, छात्रों के लिए सुनेहरा अवसर लेकर आया है। फिट युवा फॉर विकसित भारत के संकल्प को आगे बढानें और युवाओं में नई चेतना जगाने का कार्य करेंगा।

खेल महोत्सव में बालीबाल, बेडमिंटन, एथेलिटिक्स, क्रिकेट, फुटबाल के साथ अन्य तीन स्थानीय खेलों, खो-खो, कबड्डी और रस्सा कशी को शामिल किया गया है। खिलाडी क्यूआर स्केन कर या लिंक से खिलाड़ी 20 सितम्बर तक पंजीयन करा सकते है। सांसद चौधरी ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन पर चलने वाले सेवा पखवाडे के संबंध में विस्तार से चर्चा और दिशा निर्देश दिए।



### इनकी रही उपस्थिति

*बैठक में जोधाराम ठाकुर, सुरेश पाठक, श्रवण पटेल, मकरन सिंह, भबूत सिंह, अनिल चौहान, निरंजन वैष्णव, हेमंत पटेल, हेमंत बडकुर, राजेन्द्र पटेल, नीति राज सिंह, जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी, तहसीलदार, जनपद सीईओ दानिश अहमद खांन, नीरज दुबे, प्राचार्य के.के.बानी, शशि रघुवंशी सहित नगर एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।*

### मेडिकल स्टोरों का किया जा रहा है निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन ने गठित टीम के द्वारा गोपालगंज स्थित सोनल मेडिकल स्टोर का निरिक्षण किया गया। निरक्षण के दौरान फार्मासिस्ट दुकान पर उपस्थित पाया कि जिसकी उपस्थित मे नारकोटिक्स दवाओं के खरीदी बिक्री के बिल चेक किये गए एवं कार्यालय मे प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया।

## कर्म आचरण करने लायक वही धर्म- पं. शास्त्री

**बरेली।** क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक स्व. भगवत सिंह पटेल की पुण्य स्मृति में परिवार जनों द्वारा सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का गीतांजलि गार्डन में आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास पं. कृष्णकांत शास्त्री वृन्दावन ने ऋषियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में भागवत कथा, मानव जीवन और धर्म की विस्तार से चर्चा की और कहा कि जिस कर्म के आश्य से ईश्वर की प्राप्ती हो जाए। जो कर्म आचरण करने लायक हो वही धर्म है।

कथा व्यास पं. कृष्णकांत शास्त्री जी ने जीवन कल्याण के मार्गो, शास्त्रों का सार और भगवान के अवतारों का श्रंखला से उल्लेख किया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री राशि प्रजापति आयु 15 साल पुत्री श्री विनोद कुमार प्रजापति निवासी म.नं. 105 अयोध्या नगर विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. है। मेरी पुत्री का आधार कार्ड नम्बर 423932909695 है, जो कि मेरी पुत्री के नाम पर जारी किया गया था। आधार अपडेट के दौरान त्रुटिवश मेरी पुत्री का नाम राजश्री प्रजापति पुत्री विनोद प्रजापति दर्ज हो गया हैं। जबकि मेरी पुत्री का सही नाम राशि प्रजापति पुत्री श्री विनोद कुमार प्रजापति है। मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। मैं मेरी पुत्री का आधार अपडेट करा कर, राशि प्रजापति पुत्री श्री विनोद कुमार प्रजापति अंकित कराना चाहता हूँ। भविष्य में मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना व पहचाना जावे/जावेगा।
अत: सर्वसाधारण सूचित हो।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र हर्ष बघेल आयु 13 वर्ष पुत्र श्री रामबाबू बघेल निवासी ग्राम खामखेडा कस्बा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. है। मेरे पुत्र का आधार कार्ड नम्बर 793145557058 है, जो कि मेरे पुत्र के नाम पर जारी किया गया था। आधार अपडेट के दौरान त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम विनायक बघेल पुत्र श्री रामबाबू बघेल दर्ज हो गया हैं। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम हर्ष बघेल पुत्र श्री रामबाबू बघेल है। मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। मैं मेरे पुत्र का आधार अपडेट करा कर, हर्ष बघेल पुत्र श्री रामबाबू बघेल अंकित कराना चाहता हूँ। भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना व पहचाना जावे/जावेगा।
अत: सर्वसाधारण सूचित हो।

**For Sale**
Tata Ace Gold,
Model-2022
R.C. No.
MP-40-LA-2782
Engine No.
275MPFI02PXXSH3963
Chassis no.
MAT559011NVP72668
Contact -Sundaram Finance Ltd.
M : 9425010975
7880190815

## गुरू तेग बहादुर साहिब की कीर्तन यात्रा का राज्यमंत्री ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सिखों के नवें गुरू तेगबहादुर साहिब के 350वें शताब्दी शहादत दिवस पर असम से प्रारंभ हुई कीर्तन यात्रा का क्षेत्र के विधायक और राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल द्वारा सिख परंपरानुसार स्वागत किया गया। कहा कि मानवीय मूल्यों की रक्षा एवं सिद्धांतो के लिए गुरू तेग बहादुर साहिब ने अपने प्राणों का बलिदान दिया।

नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी, सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कीर्तन यात्रा का पुष्पवर्षा कर यात्रा में सम्मिलित लोगों का आत्मीय स्वागत सस्कार भी किया गया।

## जनपद पंचायत में हुआ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण

### बच्चों के लालन-पालन में माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

जनपद पंचायत के सभा कक्ष में छोटे नन्हें मुन्हें बच्चों के 100 प्रारंभिक दिनों में लालन पालन में माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर भोपाल की संस्था संगत द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया।

बच्चों के शुरूआत वर्ष को महत्वपूर्ण विकास के घटक कितने जरूरी है किस तरह से बच्चों का लालन-पालन करना चाहिए। इसके संबंध में डिजीटल प्लेट फार्म वीडियों के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियां एवं प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर डॉ. निकिता पाठक ने सहज सरल तरीके से समझाया गया, बच्चों की देखभाल में परिवार की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। आंगनबाड़ी के माध्यम से संदेश देना ताकि हर बच्चा स्वस्थ्य रहें। इस विषय पर महिला बाल विकास प्रभारी अधिकारी जुलेखा खांन ने विचार रखें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद सीईओ दानिश अहमद खांन, पर्यवेक्षक श्रीमती प्रियंका ठाकुर, संगत संस्था भोपाल के मनोवैज्ञानिक संध्या पिल्ले, सुपरवाईजर श्वेता दुबे के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कर उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. निकिता पाठक ने सभी का आभार व्यक्त कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।



**कान्हा बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित कोटिचार खुर्द जिला विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक-1047 — दिनांक 10/09/2025

**वार्षिक आम सभा सूचना**

कान्हा बीज उत्पादक सहकारी समिति के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आम सभा की बैठक दिन शुक्रवार दिनांक 26/09/2025 सितम्बर को समय 1:00 बजे स्थान समिति मुख्यालय पर आयोजित की जाएगी। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आम सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

महेन्द्रसिंह रघुवंशी
अध्यक्ष

सौरभ रघुवंशी
प्रबंधक

**प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति मर्यादित दुपारिया शाखा देवखजुरी जिला विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक 521 दिनांक 25.02.1995 — दिनांक 10.09.2025

**वार्षिक आमसभा सूचना**

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित दुपारिया के समस्त अंधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि साधारण सभा दिन बुधवार दिनांक 24/09/2025 को दोपहर 01:00 स्थान दुपारिया में आयोजित की गई है। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्राथनीय है

रामबाबू किरार
समिति प्रबंधक
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित दुपारिया

किशोर कुमार अहिरवाल
प्रशासक
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित दुपारिया

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सौरभ नेमा पुत्र श्री अशोक कुमार नेमा निवासी स्वर्णकार कालोनी हाल मुकाम वडे गनेश मंदिर के पीछे वांसकुली विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा से लोन प्राप्त करने हेतू आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें उनके द्वारा 1. श्री संजीव शर्मा पुत्र श्री राधे श्याम निवासी वार्ड नं. 10 श्री जी की गली नदवाना विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. एवं 2. श्रीमति ज्योति शर्मा पत्नि श्री संजीव शर्मा निवासी वार्ड नं. 10 श्री जी की गली नदवाना विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. के स्वामित्व आधिपत्य के मकान/प्लॉट नं. 309 (नजूल सीट नं. 22 ए) पटवारी हल्का नॅ. 02 वार्ड नं. 17 श्री जी की गली नदबाना विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. जिसका क्षेत्रफल 578 वर्गफीट और चतुसीर्माएँ इस प्रकार हैं पूर्व में- श्री जी गली ,पश्चिम में- मदन शर्मा का मकान, उत्तर में- श्रीमति गीतांजली का मकान, दक्षिण में- अग्रवाल धर्मशाला है का विक्रय अनुबंध किया गया है उक्त मकान/प्लाट सम्पत्ति श्री संजीव शर्मा पुत्र श्री राधे श्याम निवासी वार्ड नं, 10 श्री जी की गली नदवाना विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. द्वारा अपनी पत्नि श्रीमति ज्योति शर्मा पत्नि श्री संजीव शर्मा निवासी वार्ड नं. 10 श्री जी की गली नदवाना विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. को सहस्वामित्व ई रजिस्टर्ड पत्र दिनांक 22-02-2025 को जिसका ई-रजिस्टेशन नं MP42IGR18922025A100112768 से की गई थी जो वर्तमान में दोनो के नाम नगर पालिका रिकार्ड में दर्ज है उक्त मकान / प्लॉट क्रय करने के लिये लोन प्राप्त करने हेतु श्री सौरभ नेमा पुत्र श्री अशोक कुमार नेमा निवासी स्वर्णकार कालोनी हाल मुकाम वडे गनेश मंदिर के पीछे वांसकुली विदिशा तहसील व जिला विदिशा म०प्र० द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में आवेदन प्रस्तुत किया गया है उक्त मकान पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित सेकण्ड फलोर, गोपाल कॉम्प्लेक्स, जिला न्यायालय के सामने, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. में आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

भवदीय आशीष श्रीवास्तव एडवोकेट
mail-ashish0884@gmail
गौपाल कॉम्प्लेक्स, सेकण्ड फलोर, जिला न्यायालय के सामने, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. Mob. 9685965100


## रोजाना लोगों को काट रहे कुत्ते, फिर भी नपा और पशु चिकित्सा विभाग में नहीं तालमेल

# कुत्तों का आतंक... कलेक्टर के निर्देश के बाद सक्रिय हुआ नगर पालिका का अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर की गली मोहल्ला और कॉलोनियों में घूम रहे आवारा कुत्तों के झुंड आतंक से लोग परेशान हैं। वह लोगों को रोजाना अपने नौकरी का शिकार बना रहे हैं फिर भी नगर पालिका और पशु चिकित्सा विभाग में आपस में तालमेल नहीं है। ऐसी स्थिति में तालमेल के अभाव में कोई ठोस कार्य योजना नहीं बन पा रही है। कलेक्टर के निर्देश के बाद नगर पालिका का हमला सक्रिय हुआ और मंगलवार के दिन से शहर में घूम रहे आवारा कुत्तों को पकड़ने का विशेष अभियान चलाया अन्ना पम लेने आवारा मवेशियों के वाहनों में भरकर फिलहाल उन्हें दशहरा मैदान छोड़ा गया है।

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते कुत्तों के हमलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने पिछले माह राज्यों को आवारा कुत्तों को शेल्टर में रखने और उनकी संख्या नियंत्रित करने के निर्देश दिए।लेकिन रायसेन शहर में हालात इसके उलट हैं। यहां हर महीने जिले में करीब 900 से 1000 लोग डॉग बाइट का शिकार हो रहे हैं। बावजूद इसके नगर पालिका द्वारा कुत्तों की नसबंदी योजना को अमल में लाने से पीछे हट रही है। दो साल पहले कैनल (डॉग को भर्ती का स्थल) के लिए बजट और टेंडर की प्रक्रिया पूरी आई थी। लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। कलेक्टर ने टीएल बैठक में इस मुद्दे पर अधिकारियों को काम करने के लिए कहा तो नपा सक्रिय हुई। लंबे समय बाद पुरानी फाइल को खंगाला गया। इधर पशु चिकित्सा विभाग ने भी नगर पालिका परिषद को एक सप्ताह पूर्व पत्र लिखा था, इसमें कहा है कि वह अगर आवारा कुत्तों को पकड़कर हमारे पास भेजे तो उनकी नसबंदी करने के लिए हम तैयार हैं।



### हर दिन 35 से ज्यादा लोग हो रहे कुत्तों के शिकार...

*जिले में हर दिन 35 से ज्यादा लोग आवारा कुत्तों के काटने का शिकार हो रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि इन आवारा कुत्तों पर सख्ती से शिकंजा कसा जाना चाहिए, वरना यह उग्र होने लगते हैं। जिले की तहसील गैरतगंज बेगमगंज, सुल्तानपुर, सिलवानी, बाड़ी, बरेली के बाद रायसेन में भी इन आवारा कुत्तों के काटने के मामले सामने आ चुके हैं। एक पागल कुत्ते ने तो रायसेन शहर में एक दिन में डेढ़ दर्जन लोगों को सड़क पर चलते अपना शिकार बनाया था।*

### कागजों में ही सीमित हो रही योजना

*नागरिकों द्वारा बताया गया है कि पशु चिकित्सा विभाग ने नगर पालिका को डॉग कैनल बनाने का प्रस्ताव भेजे तो बात बने।नागरिकों ने जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों से योजना के लिए प्रस्ताव पारित कर मंजूरी के लिए सरकार के पास जल्दी भेजना चाहिए।*



### सीएमओ के समक्ष रखेंगे फाइल : शशिकांत मोहोड़

*नगर पालिका में कार्यरत स्वच्छता निरीक्षक शशिकांत मोहोड़ ने चर्चा में बताया कि फाइल हमने देख ली है, हम नपा सीएमओ सुरेखा जाटव के समक्ष रखेंगे। इसके बाद आगे के निर्देश मिलने पर कार्रवाई करेंगे।*
*सुप्रीम कोर्ट और कलेक्टर की फटकार के बाद नपा परिषद नींद से जागी। स्वच्छता निरीक्षक मोहोड़ ने बताया कि मंगलवार को लगभग डेढ़ दर्जन आवारा कुत्तों को अभियान के तहत पकड़ा। रैबीज के इंजेक्शन डोज लगाने के बाद उन्हें दशहरा मैदान में छोड़ दिया गया।*

### हमने पत्र लिखा है

नगर पालिका अगर कुत्ते पकड़कर देती है तो हम नसबंदी करने के लिए तैयार हैं। नसबंदी के बाद उसे भर्ती किया जाता है। इसके लिए पर्याप्त सुरक्षात्मक स्थल भी नपा परिषद को तैयार कर देना है। इसके लिए हमने पत्र लिखा है।

- **डॉ आरके शुक्ला,** उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग।

### पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन

जिला अस्पताल में रैबीज वैक्सीन।हर महीने 40 से 50 केस कुत्ते के काटने के मरीज जिले से रैफर होकर जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं।

- **डॉ यशपाल सिंह बाल्यान,** सिविल सर्जन।

## एक्सपायर दवाई से किसान की धान फसल हुई खराब

### किसान की अधिकारियों से मुआवजा की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर सहित जिलेभर में उर्वरक कीटनाशक दुकानों पर नकली खाद बीज और इल्लीमार कीटनाशक, कचरा नाशक दवाईयां की बिक्री व्यापारियों द्वारा बेखौफ होकर धड़ल्ले से की जा रही है, जिससे किसान खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उप संचालक कृषि विभाग के अधिकारी केपी भगत सहित उनकी कृषि वैज्ञानिकों की टीम शिकंजा कसने में नाकाम साबित हो रही है। जबकि दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं।

कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा कृषि मंत्री एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को किसानों की समस्याओं को लेकर वह एक्सपायर डेट की दवा बेचने के मामले में शिवसेना जिला अध्यक्ष सूरजमल जैन (मोनू भैया) एवं ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती कल्ली बाई द्वारा एक आवेदन दिया। जिसमें कहा कि शिखर ग्रीन सेवा केंद्र रायसेन सांची विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत द्वारा संजीव पाल को एक्सपायर डेट की कीटनाशक दवाई दी। जिससे किसान की धान की फसल खराब हुई।

किसान ने बताया कि संजीव पाल पिता भैरो सिंह द्वारा 31 अगस्त 2025 को शिखर ग्रीन कृषि सेवा केंद्र सांची से दवाई ली गई। किसान द्वारा 6 सितंबर 2025 को खेत में दवाई का छिड़काव किया और देखते ही देखते किसान की फसल नष्ट हो गई और धान की बाली नीचे गिरने लगी। जिसकी शिकायत आवेदक किसान ने सांची थाना प्रभारी तहसीलदार एवं कृषि विभाग के अधिकारी को अवगत कराया गया था। जिसकी आज दिनांक तक कोई कार्रवाई न होने के कारण एवं किसान को कोई भी मुआवजा एवं उक्त दुकानदार पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। दुकानदार के कीटनाशक दुकान की सही जांच भी नहीं कराई गई दुकानदार का लाइसेंस निरस्त भी निरस्त नहीं हुआ। परेशान किसान का कहना है कि मुझे किसी प्रकार की राहत राशि नहीं दी गई, जिससे मेरी ढाई एकड़ की फसल नष्ट हो गई। किसान का कहना है मुझे उचित मुआवजा दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस कार्यालय का जिलाध्यक्ष ने किया शुभारंभ



**रायसेन।** मंगलवार को दोपहर जिला कांग्रेस कमेटी का नया कार्यालय कामधेनु शॉपिंग कार्यालय सागर भोपाल तिराहा खुल गया है। जिला कांग्रेस कार्यालय का विधिवत फीता काटकर शुभारंभ सिलवानी विधायक जिला कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष देवेंद्र पटेल द्वारा किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसानों गरीब मजदूरों आमजनों के हक अधिकारों सरकारों की जनकल्याण कारी योजनाओं का फायदा दिलाने पूरी ताकत के साथ सड़कों पर उतरकर लड़ी जाएगी। इस अवसर पर नपा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस पार्षद प्रभात चावला, मनोज अग्रवाल, हर्ष वर्धन सोलंकी, राजू माहेश्वरी, प्रवक्ता जावेद अहमद खान, असलम खान, दौलत सेन एड., अशोक यादव, दुलारे भाई, हसीब हिंदुस्तानी उपस्थित रहे।

### ह्रदय गति रूक जाने से रामप्यारी बाई का निधन

**रायसेन।** शहर के मढ़ईपुरा वार्ड 3 निवासी स्व. लालमन कुशवाह की



बहन रामप्यारी बाई और सब्जी विक्रेता संतोष कुशवाह, प्रकाश कुशवाह, भतीजा राहुल कुशवाह की बुआजी का ह्रदय गति रूक जाने से निधन हो गया है। वे लगभग 79 वर्ष की थीं। वे हंसमुख स्वभाव मिलनसार थीं। इनके अचानक हुए निधन से कुशवाह परिवार में शोक छा गया है। उनकी अंतिम शव यात्रा उनके निवास मढ़ईपुरा वार्ड नंबर 3 से शुरू हुई। अंतिम संस्कार नरापुरा स्थित भोपाली फाटक वाले मुक्तिधाम पर किया गया।

### जिले में अब तक 1478.1 मिमी औसत बारिश दर्ज

**रायसेन।** जिले में 1 जून से 16 सितंबर तक 1478.1 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिमी है। अधीक्षक भू-अभिलेख की जानकारी के अनुसार 16 सितंबर तक रायसेन में 1306 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1380.4, बेगमगंज में 1472, सिलवानी में 1507.4, बरेली में 1515 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की।

## सुबह हुई 2 घंटे तक झमाझम बारिश, बाजारों में रहा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर व अंचल में एक बार फिर झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया है। मंगलवार सुबह के समय करीब 2 घंटे तक हुई जोरदार बारिश से आम जनजीवन को प्रभावित हुआ। तेज बारिश के कारण सड़कें जलमग्न हो गई, वहीं बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। लोग घरों में दुबके रहें और केवल अत्यंत आवश्यक कार्यों के लिए ही छाता लेकर बाहर निकले। नागरिकों ने बताया कि रात भर रुक-रुक कर वर्षा होती रही और सुबह होते ही बारिश ने जोर पकड़ लिया। इससे बाजार, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर आमद कम देखी गई। जोरदार बरसात ने नगर की सड़को को जलमग्न करदिया। दुकानों के सामने पानी जमा हो गया है, जिससे व्यापार पर भी असर पड़ा। वाहन चालकों और राहगीरों को सड़कों पर जल जमाव के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

1 जून से 16 सितंबर तक सिलवानी में 1507.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है। यह आंकड़ा बीते वर्ष की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत अधिक है, बीते साल इसी अवधि तक 1067 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी।

## लगातार बारिश से दूसरी बार खुले हलाली डैम के 2 गेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर/दीवानगंज

आसपास क्षेत्रों में लगातार बारिश होने से मंगलवार को सुबह साढ़े 11 बजे हलाली के 2 गेट आधा आधा मीटर तक खोले गए हैं। जिससे 76.45 क्यूसेक जल प्रवाहित होगा। रायसेन जिले सहित आसपास क्षेत्र में बारिश से नदी नाले ऊफान पर हैं। वहीं जिले के डैम तालाब भर गए हैं, भोपाल जिले में हो रही लगातार बारिश के कारण हलाली डैम का जल स्तर भी बढ़ गया है।

इसी के मद्देनजर मंगलवार को हलाली डैम के 2 गेट आधा आधा मीटर तक खोले गए। गेट खोलने से पहले जल संसाधन विभाग के अधिकारी और पुलिस भी सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर पहुंची। गेटों को खुलते हुए देखने के लिए आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग हलाली डैम पहुंचे और नज़ारे देखकर लुत्फ उठाया। बता दे की हलाली डैम पर दो साल पहले ही 5 गेट बनकर तैयार हुए हैं जो सीज़न में दूसरी बार खोले गए हैं। पहले गेट नहीं होने से कई गांव डूब में आ जाते थे, अब हलाली डैम पर पांच गेट लगने से बेक वॉटर गेट के माध्यम से निकाला जा सकता है। इसी के चलते मंगलवार को दो गेट खोले गए हैं।



### 24.59 करोड़ रुपए की लागत से 5 गेटों का हुआ है निर्माण

ओवरफ्लो वाले स्थान पर पहले 9 मीटर ऊंचाई और 5 मीटर चौड़ाई के पिलरों के बीच में पांच गेट लगा दिए गए हैं। डेम का जल स्तर बढ़ने से इन गेटों से 1750 क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है। इससे 28 गांवों के लगभग 2100 किसानों की 2400 हेक्टेयर जमीन में बोई गई खरीफ की फसल सहित अन्य फसलों को डूबने से बचाया जा सकता है। इतना ही नहीं फसल के अलावा नीनोद और कायमपुर गांव के रास्ते डूब में आ जाने से गांव टापू बन जाया करते थे। अब इन गांवों के रास्ते भी डूब में नहीं आते हैं। इससे बारिश के दिनों में यहां से आवागमन भी चालू रहता है। बारिश के दिनों में भी इलाज सहित आवश्यक सेवाएं दोनों गांव के रहवासियों को आसानी से उपलब्ध हो रही है।

## आज नगर में निकलेगा विश्वकर्मा पूजा के उपलक्ष्य में चल समारोह पूजन हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

नगर में शिल्पी समाज द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित कार्यक्रम की रूपरेखा विश्वकर्मा आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दिया है। आनंद नगर में विश्वकर्मा पूजा की तैयारी बड़े स्तर पर की जा रही है। खेड़ापति मंदिर इस धर्म आयोजन का साक्षी बना हुआ है। समिति द्वारा कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

समिति के अध्यक्ष श्याम सिंह शिल्पी ने बताया कि 17 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम प्रात 9 बजे से खेड़ापति मंदिर पर भगवान



विश्वकर्मा के पुराण का कार्यक्रम किया जाएगा इसमें विश्वकर्मा पूजन के साथ हवन कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई है। इसके बाद 12 बजे से लगभग 2 बजे तक अतिथि का सम्मान आयोजन कार्यक्रम रखा है। इसके बाद समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम किया जाएगा। इस अवसर पर दूर दराज से समाज के लोगों का आना प्रारंभ हो गया है आनंद नगर में भगवान विश्वकर्मा की जयंती की पूर्व संध्या पर धर्म माहौल दिखाई दे रहा है।

खेड़ापति मंदिर धाम को सजाया गया है लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है घर-घर विश्वकर्मा पूजा की तैयारियां प्रारंभ हो गई है दोपहर 2 बजे आनंद नगर खेड़ापति मंदिर से भगवान विश्वकर्मा की मनमोहक झांकी चल समारोह का मुख्य आकर्षण का केंद्र बिंदु रहेगी जो ब्लॉक कॉलोनी चिंतामन चौराहा नया बस स्टैंड से होती हुई आनंद नगर मंदिर में समापन किया जाएगा।

## कोरोना काल से कई ट्रेनों का ठहराव नहीं है स्टेशन पर

## दीवानगंज में ट्रेन स्टॉपेज को लेकर डीआरएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

दीवानगंज रेलवे स्टेशन पर पहले 4-5 ट्रेन रुका करती थी, मगर 5 साल से पहले कोरोना काल से दीवानगंज रेलवे स्टेशन पर गाड़ियों का ठहराब बंद हो गया है।

मंगलवार को सेमरा, दीवानगंज अंबाडी सहित कई गांव के ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर स्टेशन मास्टर को रेलवे के डीआरएम के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि दीवानगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव किया जाए, ताकि पढ़ने वाले छात्र छात्राओं सहित शिक्षक और यात्रा करने वाले यात्रियों को भोपाल, विदिशा, गजबासौदा, कुरवाई सहित अन्य जगह जाने की सुविधा मिल सके।

ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि विदिशा की तरफ जाने के लिए सुबह 8 बजे एक मेमू ट्रेन दीवानगंज पर रूकती है। पहले दीवानगंज स्टेशन पर बिलासपुर मेमो और सटल रूकती थी लेकिन अब केवल मेमू ट्रेन रूकती है जो विदिशा की तरफ जाती है। सभी यात्री 3 किलोमीटर पैदल चलकर फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज पहुंच कर वहां से बस द्वारा भोपाल विदिशा आते जाते हैं। जिससे समय के साथ ज्यादा पैसा भी यात्रियों को बर्बाद करना पड़ रहा है। अगर दीवानगंज रेलवे स्टेशन पर पहले की तरह ट्रेनों का ठहराव हो जाए तो कई यात्रियों को सुविधा मिलने लगेगी।

कुछ साल पहले भी रेलवे के जीएम को दीवानगंज के ग्रामीणों ने आवेदन दिया था कि विदिशा से भोपाल की तरफ गाड़ियों का स्टाफ दिया जाए। आवेदन दिए हुए लगभग 3 साल से ज्यादा समय हो गया था।




### राजा परीक्षित को श्राप की कथा सुनकर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

## श्रीमद्भागवत कथा आत्मा की शुद्धि और मृत्यु के रहस्य का संदेश देती है : शास्त्री

**नगर के बजरंग चौराहा स्थित अनगढ़ श्री हनुमान मंदिर परिसर में चल रही कथा, बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के बजरंग चौराहा स्थित अनगढ़ हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन मंगलवार को कथा वाचक पंडित भूपेंद्र शास्त्री ने राजा परीक्षित की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा में जैसे-जैसे परीक्षित को मिले श्राप, सुखदेव मुनि के आगमन और आध्यात्मिक संवाद के प्रसंग सामने आए, वहां उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा के दौरान जैसे-जैसे श्रोताओं को धर्म, नीति और आत्म ज्ञान की बातें सुनने को मिलीं, वातावरण श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत होता गया था कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुचें।

कथा के दौरान पं. शास्त्री ने बताया कि कैसे धर्मराज युधिष्ठिर के पुत्रों की हत्या और अन्य घटनाओं के बाद अधर्म का प्रभाव बढ़ने लगा। उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित, जो अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु के पुत्र थे, एक धर्मप्रिय और न्यायप्रिय शासक रहे, लेकिन एक क्षणिक क्रोध में आकर उन्होंने एक ऋषि के गले में मृत सर्प डाल दिया, उसी समय राजा परीक्षित को एक ऋषि के पुत्र द्वारा श्राप मिला कि सातवें दिन उन्हें तक्षक नाग से मृत्यु होगी। घटना के पश्चात राजा परीक्षित ने संसारिक मोह त्याग दिया और गंगा तट पर जाकर अंतिम समय में भगवत भजन और आत्म चिंतन करने लगे।

श्राप के बाद राजा परीक्षित ने अंतिम दिनों में परम सत्य को जानने की इच्छा प्रकट की। वहीं महान तपस्वी सुखदेव मुनि उनसे मिलने पहुंचे। सुखदेव जी ने उन्हें श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, जो परीक्षित ही नहीं, अपितु संपूर्ण मानव जाति के लिए मोक्ष का मार्ग बनी।



### धर्म की राह दिखा रही संगीतमय भागवत कथा

**सिलवानी।** नगर के स्टेट बैंक के सामने स्थित मंगल भवन में चल रही साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा वाचक पंडित बलराम दीक्षित महाराज ने आ महाभारत के प्रमुख प्रसंग की कथा का मनोहारी वर्णन किया।

पं. दीक्षित ने अपने प्रवचन में कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान किसी न किसी रूप में प्रकट होते हैं और धर्म की पुनः स्थापना करते हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सद्कर्मों से युक्त जीवन ही मानव जीवन को सफल बनाता है। उन्होने जीवन में भक्ति, सेवा, संयम और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## तुमने आंगन नहीं बुहारा कैसे आएंगे नंदलाला : पं. अनूपदेव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

ग्राम पंचायत कनवार में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस प्रसिद्ध कथा वाचक अनूपदेव महाराज के मुखारविंद से श्रीकृष्ण चरित्र की मनमोहक प्रस्तुति का चित्रण किया गया।

प्रभु लीला प्रभु चरित्र प्रभु कथा से मानव के कल्याण का रास्ता खुल जाता है। हमें अपने जीवन में संतो के सत्संग के साथ अच्छे विचारों के आदान-प्रदान से अच्छे इंसान बन सकते हैं। जरूरत है हमें सेवा के स्वरूप में काम करने की है।

उन्होंने कहा जब हम मन रूपी आंगन साफ नहीं करेंगे तो प्रभु की भक्ति और स्वरूप के दर्शन कैसे करेंगे। इसके लिए हमें अपने मन के आंगन को सजाने की जरूरत है जब हमारा मन साफ होगा हमारा मन रूपी आंगन साफ होगा तो प्रभु जरूर आएंगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने आए हुए थे।